>

Title: Regarding the problems of pulses growing farmers in Madhya Pradesh.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल : अध्यक्ष महोदया, आपने मध्य प्रदेश के दलहन उत्पादक किसान, खासकर उड़द पैदा करने वाले किसानों के मामले को सदन में उठाने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। ...(व्यवधान) चुनाव के कारण मध्य प्रदेश में उड़द की खरीदी नहीं हो सकी है। वहां ग्रेडर के नाम पर खरीदी करने के लिए एफसीआई के अधिकारी या वहां की स्थानीय सरकार के अधिकारी किसानों की उड़द की खरीदी नहीं कर पा रहे हैं।... (व्यवधान) उसका परिणाम यह है कि यहां दलहन एक बड़ी चुनौती बन गई है। मध्य प्रदेश में अधिक मात्रा में उड़द दाल का उत्पादन हुआ है। मंडियों में इसकी खरीदी बंद है, सोसायटियों में इसकी खरीदी बंद है। मैं आपके माध्यम से मध्य प्रदेश की सरकार से मांग करता हूं और भारत सरकार से भी निवेदन करता हूं कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करके ग्रेडर की सुविधा को किसान के हितकारी और उसके अनुकूल बनाकर खरीदी प्रारम्भ करे।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री गणेश सिंह, श्री शरद त्रिपाठी और श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया को श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अहलुवालिया जी, क्या आप कुछ बोलना चाहेंगे? वैसे मैंने सभी की तरफ से, पूरे सदन की तरफ से कह दिया है।

...(व्यवधान)